न्यायालय उपखण्ड अधिकारी झाडोल जिला उदयपुर (राज.)

पीठासीन अधिकारीः– श्री कपिल कुमार कोठारी, आर.ए.एस.

प्रकरण संख्याः– 05/2021

तारीख दायरः– 02.03.2021

तारीख निर्णयः–01.05.2025

1. श्री दशरथ पिता गलबा मेघवाल निवासी बुझा तहसील फलासिया।
2. श्री कैलाश पिता गलबा मेघवाल निवासी बुझा तहसील फलासिया।
3. श्री पंकज पिता गलबा मेघवाल निवासी बुझा तहसील फलासिया।
4. मंजुला पत्नी गलबा मेघवाल निवासी बुझा तहसील फलासिया।

.........प्रार्थी

बनाम

1. प्रधानाचार्य, राजकीय प्राथमिक विद्यालय बुझा तहसील फलासिया।
2. श्री पन्नालाल पिता धुला भील निवासी बुझा तहसील फलासिया।
3. श्री बाबुलाल पिता गला तडियार निवासी बुझा तहसील फलासिया।
4. श्री महेश पिता जयन्ती मेघवाल निवासी बुझा तहसील फलासिया।

...............अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 111, 128 लेण्ड रे. एक्ट.

उपस्थित– प्रार्थीगण की ओर से– श्री गोविन्द नारायण शर्मा

अप्रार्थी की ओर से– एक तरफा

निर्णय

प्रार्थी द्वारा प्रस्तुत प्रार्थना पत्र का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि मौजा बुझा पटवार क्षेत्र डैया तहसील फलासिया में आराजी नम्बर 195 रकबा 0.02, 196 रकबा 0.01, 197 रकबा 1.78, 201 रकबा 0.13 किता 04 कुल रकबा 1.94 है0 भूमि स्थित है, जिस पर प्रार्थी काबिज होकर काश्त करता चला आ रहा है। प्रार्थी की उक्त आराजी के पास विपक्षी की खातेदारी की आराजी भूमि स्थित है। विपक्षी आये दिन प्रार्थी को परेशान करते रहते है तथा भूमि में जबरन प्रवेश कर दखलंदाजी करते है व घास लकडी इत्यादि को ले जाते है। प्रार्थी व विपक्षी की भूमि आस पास होने से आये दिन पाली डोली को लेकर सीमांकन बाबत् विवाद होता रहता है। विपक्षी आये दिन दिन प्रार्थीगण के साथ लडाई झगडा करते रहते है। भविष्य में सीमा को लेकर किसी प्रकार का कोई विवाद नही हो इसलिये प्रार्थी की भूमि की पत्थरगढी करवाना नितान्त आवश्यक हो गया है। अतः निवेदन किया गया कि प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमाया जाकर प्रार्थी की मौजा बुझा पटवार क्षेत्र डैया तहसील फलासिया की आराजी नम्बर 195 रकबा 0.02, 196 रकबा 0.01, 197 रकबा 1.78, 201 रकबा 0.13 किता 04 कुल रकबा 1.94 है0 भूमि का सीमांकन करवाया जाकर मौके पर पत्थरगढी करवाये जाने का आदेश प्रदान कराया जावें।

प्रकरण पेश होने पर बाद जांच दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये सम्मन मय नकल प्रार्थना पत्र के तलब किये गये। अप्रार्थीगण बावजुद सूचना एवं सम्मन तामील के अनुपस्थित रहने से एक तरफा कार्यवाही के आदेश दिये गये। तत्पश्चात प्रकरण में प्रार्थी अधिवक्ता की एक तरफा बहस सुनी गई। प्रार्थी अधिवक्ता ने अपनी बहस में वही कथन कहे है, जो अपने प्रार्थना पत्र अंकित किये गये है।

उपखण्ड अधिकारी
झाड़ोल, जिला-उदयपुर

Scanned with OKEN Scanner

हमने विद्वान प्रार्थी की एक तरफा बहस पर मनन, पत्रावली एवं पत्रावली पर उपलब्ध दस्तावेजात का ध्यान पूर्वक अध्ययन एवं अवलोकन किया। वादग्रस्त भूमि के प्रार्थी खातेदार काश्तकार है। प्रार्थी का कथन है कि प्रार्थी की खाातेदारी भूमि के पास विपक्षी की भूमि स्थित होने से आये दिन सीमा का विवाद होता रहता है। प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाना चाहते है। प्रार्थी अपनी खातेदारी भूमि की पत्थरगढी करवाना चाहते है। अप्रार्थीगण बावजुद सूचना एवं सम्मन तामील के अनुपस्थित रहे है, जिससे यह प्रतीत होता है कि अप्रार्थीगण को भी पत्थरगढी किये जाने में कोई आपत्ती नही है। उक्त तथ्यों के आधार पर प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाना उचित प्रतीत होता है।

अतः उपरोक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र पर साबित पाये जाने से स्वीकार किया जाता है एवं मौजा बुझा पटवार क्षेत्र डैया तहसील फलासिया की आराजी नम्बर 195 रकबा 0.02, 196 रकबा 0.01, 197 रकबा 1.78, 201 रकबा 0.13 किता 04 कुल रकबा 1.94 है0 भूमि की मौके पर कब्जे सम्बन्धी विवाद नही होने की स्थिति में दोनो पक्षकारानों की उपस्थिति में पत्थरगढी किये जाने हेतु तहसीलदार फलासिया को कमिश्नर नियुक्त किया जाता है। कमिश्नर फीस 2000/– रूपये प्रार्थी पक्ष अदा करेगा। पालना हेतु तहसीलदार फलासिया को तहरीर जारी की जावें। पत्रावली निर्णित होकर संख्या से कम हो।

निर्णय आज दिनांक 01.05.2025 को मेरे द्वारा लिखाया जाकर खुले न्यायालय में सुनाया गया।

(कपिल कुमार कोठारी)
उपखण्ड अधिकारी
झाड़ोल, जिला उदयपुर

Scanned with OKEN Scanner